प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर। कल शाम बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में थम जाएगा प्रचार का शोर।

02 एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतामढ़ी और चनपटिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कदवा और पूर्णियां में की चुनावी सभाएं।

04. और, निर्वाचन आयोग ने समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सहायक निर्वाचन अधिकारी को निलंबित किया। सड़क किनारे वीवीपैट पर्ची मिलने के मामले में की गयी कार्रवाई।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। दूसरे चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों की एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर मतदान होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सीतामढ़ी और चनपटिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चनपटिया में प्रधानमंत्री की अंतिम चुनावी सभा थी। श्री मोदी ने कहा कि बिहार ने जंगलराज के उस दौर को देखा है, जहां कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं था।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोग जंगलराज को फिर से दोहराना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार, विकसित भारत के सामने एक नया उदाहरण बन कर सामने आ रहा है।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुपौल, पूर्णियां और कटिहार जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने पहले चरण के मतदान में ही एनडीए को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की नींव रख दी है। श्री शाह ने लोगों से विकास के लिए एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।

–––बाईट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैमूर और रोहतास जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री सिंह ने महागठबंधन के हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने के वायदे को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कहीं से भी सम्भव नहीं है।

–––बाईट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोतिहारी, पिपरा और अतरी में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कांग्रेस और राजद पर बिहार के विकास को बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले बीस वर्षों में एनडीए और नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की आधारशिला सुदृढ़ हुई है।

–––बाईट–––

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद के रफीगंज में और गयाजी के इमामगंज समेत कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि विकसित बिहार का संकल्प तभी पूरा होगा जब एनडीए फिर से सत्ता में आयेगा।

–––बाईट–––

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान नवादा और रोहतास के जक्की बिगहा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने बिहार के विकास के लिए कई कदम उठाये हैं। उन्होंने लोगों से एनडीए उम्मीदवार के समर्थन की अपील की।

–––बाईट–––

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के धर्मशाला में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क किया। वहीं, भाजपा नेत्री मैथिली ठाकुर ने मधुबनी में और भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने लौकहा में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जमुई, नवादा, गया और जहानाबाद जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं की। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने इस बार सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर घोषणा पत्र में किये गये सभी वायदे को धरातल पर उतारा जायेगा।

–––बाईट–––

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने कटिहार के कदवा और पूर्णियां में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। माफिया की समानांतर सरकार चल रही है। उन्होंने लोगों से परिवर्तन के लिए मतदान की अपील की।

–––बाईट–––

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मधुबनी के राजनगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये केन्द्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में विकास के लिए लोगों ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है।

–––बाईट–––

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख और महागठबंधन के उप–मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार के युवा बदलाव चाहते हैं।

–––बाईट–––

इधर, भाकपा–माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने सुपौल के पिपरा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। सीपीआई–सीपीएम, बहुजन समाज पार्टी और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी सभाएं कर रहे हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सहायक निर्वाचन अधिकारी को निलंबित कर दिया है। साथ ही इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई

है। सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के के.एस.आर. कॉलेज के पास सड़क किनारे वीवीपैट पर्ची मिलने के बाद लापरवाही बरतने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। इस बीच, समस्तीपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने कहा कि ये पर्चियां मॉकपोल की हैं। उन्होंने कहा कि ये लापरवाही का मामला है और जो भी दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

---बाईट---

---

वैशाली जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हाजीपुर स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए लगाये गये सभी सीसीटीवी और डिस्प्ले सही ढंग से काम कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक डिस्प्ले का स्क्रीन टाईम तकनीकी कारणों से कुछ समय के लिए बंद हो गया था, जिसे शीघ्र चालू करा दिया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा त्रिस्तीय है और परिसर में वाहन के प्रवेश और निकास के संबंध में गार्ड पंजी में प्रविष्टि दर्ज की जाती है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की किसी भी सीट पर पुनर्मतादन नहीं होगा। आयोग के अनुसार इस चरण के तहत सभी एक सौ इक्कीस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दस्तावेजों की जांच सुचारू रूप से की गई है। किसी भी मतदान केन्द्र से किसी तरह की विसंगति या कदाचार की कोई खबर नहीं मिली। पहले चरण में पुनर्मतदान कराने की सिफारिश नहीं की गई है। आयोग ने कहा है कि दस्तावेज जांच का कार्य आयोग द्वारा नियुक्त एक सौ इक्कीस चुनाव अधिकारियों और एक सौ इक्कीस सामान्य पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में किया गया। जांच प्रक्रिया में लगभग चार सौ पचपन उम्मीदवारों या उनके एजेंटों ने भी भागीदारी की।

---

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली दिसंबर से उन्नीस दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है जो लोकतंत्र को मजबूत करे और देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान बीस डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर। कल शाम बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में थम जाएगा प्रचार का शोर।

02 एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतामढ़ी और चनपटिया में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कदवा और पूर्णियां में की चुनावी सभाएं।

04. और, निर्वाचन आयोग ने समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सहायक निर्वाचन अधिकारी को निलंबित किया। सड़क किनारे वीवीपैट पर्ची मिलने के मामले में की गयी कार्रवाई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।